अध्याय IV

कार्यों के निष्पादन के लिए निर्धारित मानदंड

कंपनी में विभिन्न कार्यों के निष्पादन के लिए परिभाषित प्रक्रियाएं और दिशानिर्देश विद्यमान हैं। इनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

- **शक्तियों का प्रत्यायोजन**

  निदेशक मंडल ने कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को शक्तियां प्रत्यायोजित की हैं, जो इन्हें आगे विभिन्न स्तरों पर कंपनी के क्रियात्मक निदेशकों/अधिकारियों को प्रत्यायोजित शक्तियों के भीतर अपने कार्यों और उत्तरदायित्वों के निवार्हन के लिए प्रत्यायोजित करता है।

- **निर्धारित नीतियां और दिशानिर्देश**

  इरकॉन में सुनिर्धारित नीतियां और दिशानिर्देश विद्यमान हैं जो कंपनी की प्रमुख गतिविधियों को शासित करते हैं। अपने कार्यों का निर्वाहन करते समय, अधिकारी इन निर्धारित नीतियों और दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हैं।

- **नियमावलियां**

  इरकॉन ने सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल करने वाली प्रक्रियात्मक नियमावलियों को अधिसूचित किया है जैसे निगमित प्रक्रिया नियमावली, संविदा की सामान्य शर्तें, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण विशिष्टताएं, ई-प्रापण पर दिशानिर्देश, व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा नियमावली, निगमित गुणवत्ता नियमावली, वार्षिक लेखा समापन दिशानिर्देश, संसूचन एवं नियंत्रण नीति, एचआर नीतियां, आदि। कर्मचारियों को अद्यतन दिशानिर्देशों और संशोधनों से अद्यतन करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर दिशानिर्देश और परिपत्र जारी किए जाते हैं। ये नियमावलियां सुव्यवस्थित और मानकीकृत रूप में गतिविधियों के निष्पादन तथा मनमाने रूप से कार्य करने की स्थिति को समाप्त करती हैं। इन नियमावलियों द्वारा शासित क्रियाओं का निर्वाहन करते समय, अधिकारी इन नियमावलियों के प्रावधानों का अनुसरण करते हैं।

- **सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश**

- **मुख्य सतर्कता आयोग के दिशानिर्देश**

  एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम होने के कारण इरकॉन केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का अनुसरण करता है।

- **सांविधियों, आदि के प्रावधानों का अनुपालन**

  अपने कार्यों का निर्वाहन करते समय, अधिकारियों को सभी लागू सांविधियों तथा नियमों और विनियमों का अनुपालन करना अपेक्षित है।